
जमकर वायरल हो रहा वीडियो

दुनिया सारा को सचिन की बेटी के रूप में जानती थी, लेकिन अब वह अपनी अलग पहचान बनाने में जुटी हैं। कम से कम हालिया प्रमोशनल वीडियो देखकर तो यही लग रहा है। सारा के साथ एडशूट में दिख रहीं बनिता संधू हाल ही में आई फिल्म सरदार उधम सिंह में एक छोटे से रोल में नजर आईं थीं। जबकि तानिया को अहान शेट्टी की गर्लफ्रेंड बताया जाता है। याद हो कि अहान, सुनील शेट्टी के बेटे हैं।

## मॉडलिंग की दुनिया में उतरी सचिन तेंडुलकर की बेटी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। सारा तेंडुलकर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनके 1.6 मिलियन फॉलोअर्स हैं। सचिन की बेटी के अलावा उन्होंने अपनी अलग इमेज बना ली हैं। महान भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंडुलकर की बेटी सारा मॉडलिंग में डेब्यू कर चुकीं हैं। एक मशहूर कपड़े के ब्रांड के प्रमोशनल वीडियो में वह देखी जा सकती हैं। 24 वर्षीय सारा, वेल्स एक्ट्रेस बनिता संधू के साथ पोज दे रहीं हैं। दोनों के साथ तीसरी मॉडल तानिया श्रॉफ हैं, जो मुंबई के मशहूर उद्योगपति जयदेव श्रॉफ की बेटी हैं। दुनिया सारा को सचिन की बेटी के रूप में जानती थी, लेकिन अब वह अपनी अलग पहचान बनाने में जुटी हैं। कम से कम हालिया प्रमोशनल वीडियो देखकर तो यही लग रहा है। सारा के साथ एडशूट में दिख रहीं बनिता संधू हाल ही में आई फिल्म सरदार उधम सिंह में एक छोटे से रोल में नजर आईं थीं। जबकि तानिया को अहान शेट्टी की गर्लफ्रेंड बताया जाता है। याद हो कि अहान, सुनील शेट्टी के बेटे हैं।

# साउथ अफ्रीका की टेस्ट टीम का हो गया एलान

क्रिकेट

### क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने एक मजबूत 21 सदस्यीय टीम का किया चुनाव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत के खिलाफ 26 दिसंबर से आइसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तहत खेली जाने वाली तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने अपनी टीम का एलान कर दिया है। क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने एक मजबूत 21 सदस्यीय टीम का चुनाव किया है, जो 26 दिसंबर से 15 जनवरी 2022 तक तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में भारत से भिड़ेगी। यह सीरीज आइसीसी विश्व टेस्ट के नए चक्र का हिस्सा है, जिसका आयोजन सुपरस्पोर्ट पार्क, इंपीरियल वांडरर्स और सिक्स गन ग्रिल न्यूलैंड्स में होगा।

राष्ट्रीय चयन पैनल उसी कोर ग्रुप के साथ गया है, जिसने इस साल जून में वेस्टइंडीज का सफलतापूर्वक दौरा किया था। इस टीम में तीन और खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। प्रोटियाज प्रशंसक कैगिसो रबादा, क्विंटन डिकाक और एनरिक नोर्खिया जैसे बड़े नामों की वापसी देखकर खुश होंगे। इसके अलावा डुआने ओलिवियर की फिर से टेस्ट टीम में वापसी हुई है। उन्होंने आखिरी मैच साल 2019 में खेला था। ओलिवियर ने घरेलू क्रिकेट में शानदार खेल दिखाया था और कुल 28 विकेट अपने नाम किए थे। इसी के दम पर उनकी वापसी हुई है।




ग्लेंटन स्टुरमैन और प्रेनेलन सुब्रायन को भी टीम में वापसी करने का मौका मिला है, जबकि सिसांडा मगला और रयान रिकेल्टन को पहली बार टेस्ट टीम में जगह मिली है। इस टीम के कप्तान डीन एल्गर होंगे। क्विंटन डिकाक के कप्तानी छोड़ने के बाद से एल्गर टीम के कप्तान हैं, जबकि उनसे पहले फाफ डुप्लेसिस लंबे समय तक टीम के कप्तान थे।

**साउथ अफ्रीका की टेस्ट टीम इस प्रकार है:** डीन एल्गर (कप्तान), तेंबा बवुमा (उपकप्तान), क्विंटन डिकाक (विकेटकीपर), एडन मार्कम, वियान मुल्डर, कगिसो रबादा, सारेल इर्वी, ब्यूरन हेंड्रिक्स, जार्ज लिंडे, केशव महाराज, लुंगी नगिदी, एनरिक नोर्खिया, कीगन पीटरसन, रासी वैन डर दुसें, काइल वरीनी, मार्को जैनसेन, ग्लेंटन स्टरमैन, प्रीनेलन सुब्रायन, सिसांडा मगला, प्यान रिकेल्टन और डुआने ओलिवियर।

## कोहली की भविष्यवाणी, कौन खिलाड़ी भारत के लिए लंबे समय तक खेल सकता है क्रिकेट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान विराट कोहली ने टीम के एक खिलाड़ी को लेकर बड़ी भविष्यवाणी की है। कोहली का मानना है कि टीम के स्पिन आलराउंडर अक्षर पटेल अगर अपनी फिटनेस पर पूरी तरह से फोकस करें तो वो भारत के लिए लंबे समय तक क्रिकेट खेल सकते हैं। आपको बता दें कि अक्षर पटेल ने मुंबई टेस्ट मैच में ना सिर्फ गेंद से साथ बल्कि बल्ले से भी टीम के लिए अच्छा योगदान दिया था। पहली पारी में उन्होंने 52 रन की अहम पारी खेली थी तो वहीं दूसरी पारी में उन्होंने 26 गेंदों पर 4 छक्के व 3 चौकों की मदद से नाबाद 41 रन बनाए थे।

न्यूजीलैंड के खिलाफ दो मैचों



की टेस्ट सीरीज में 1–0 से जीत दर्ज करने के बाद विराट कोहली ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि अक्षर स्पष्ट तौर पर एक आलराउंड क्रिकेटर हैं और उनका स्किल किसी भी टीम को एक शानदार संतुलन प्रदान करता है। अपनी काबिलियत की वजह से ही वो टी20 और टेस्ट क्रिकेट में मौका मिलने पर लंबे समय से अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

सबसे अच्छी बात ये है कि वो अपने खेल को फार्मेट की आवश्यकता के मुताबिक ढाल रहे हैं। मुझे लगता है कि ये अच्छा संकेत है और अगर वो अपने फिटनेस लेवल को ऊपर रख सकते हैं साथ ही अपने खेल पर लगातार काम करना जारी रखते हैं तो उनमें भारत के लिए लंबे समय तक खेलने की क्षमता है। ये मूल रूप से आज के क्रिकेट में समय की भी जरूरत है।

विराट कोहली ने आगे कहा कि यदि आप अपने फिटनेस स्तर को बनाए नहीं रख सकते हैं तो अच्छा प्रदर्शन करना और अधिक कठिन हो जाता है। इस समय अक्षर एक शानदार दौर से गुजर रहे हैं और मैं उसकी सफलता की कामना करता हूं। मुझे आशा है कि वह लंबे समय तक खेलने के लिए फिट और भूखे रहेंगे।

### बाथरूम के शीशे में वे कड़वे शब्द चिपकाकर रोज पढ़ता था...

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। वाकिफ कहां जमाना हमारी उड़ान से, वो और थे जो हार गए आसमान से... स्टीव स्मिथ पर ये लाइंस बिलकुल फिट बैठती है। 2018 में हुए बॉल टेंपरिंग कांड के बाद स्टीव स्मिथ को एक साल के लिए बैन कर दिया गया था। हर जगह थू–थू हुई। दुनिया बेईमान का थप्पा लगा चुकी थी। जिस ऑस्ट्रेलियाई टीम में कप्तान थे, उसी में वापसी नामुमकिन लगने लगी थी, लेकिन दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने हिम्मत नहीं हारी। स्टीव स्मिथ ने एशेज से ठीक पहले अपने हाल–ए–दिल बयां किया है। उन्होंने जो लिखा वो हर किसी के लिए प्रेरणा है। स्मिथ कहते हैं, श्मुझे याद है, इयान चौपल ने मुझ पर एक कॉलम लिखा था। कहा था कि एक साल दूर रहने के बाद मेरा खेल पहले जैसा नहीं रहेगा। मैंने उस कॉलम को अखबार से काटकर अपने बाथरूम के आइने पर चिपका दिया। स्टीव स्मिथ ने आगे लिखा, श्दिन–रात जब ब्रश करता तब उसे देखता। 2019 एशेज में एजबेस्टन टेस्ट की दोनों पारियों में जब सेंचुरी मारी तब मुझे लगा कि मैंने अपने आलोचकों को जवाब दे दिया है।

## न्यूज डायरी



### ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड एशेज सीरीज का पहला टेस्ट मैच आज से

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पेसर पैट कमिंस की कप्तानी वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम बुधवार से एशेज सीरीज में जो रूट की अगुआई वाली इंग्लैंड की टीम से भिड़ेगी। मेजबान कंगारू टीम नए क्रिकेट युग की शुरुआत करने उतरेगी वहीं मेहमान इंग्लिश टीम की कोशिश 11 साल पुराने प्रदर्शन को दोहराने की होगी। दोनों टीम एशेज की दशकों पुरानी परंपरा और प्रतिद्वंद्विता में नए अध्याय जोड़ने के लिये मैदान पर उतरेंगी। कमिंस को टिम पेन की जगह कप्तानी सौंपी गई है। ऑस्ट्रेलिया ने अपना आखिरी टेस्ट मैच 11 महीने पहले खेला था। इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया में आखिरी सीरीज 2010–11 में 3–1 से जीती थी। ब्रिसबेन के गाबा मैदान पर इंग्लैंड ने 1986–87 के बाद कोई मैच नहीं जीता है लेकिन रूट पहले ही कह चुके हैं कि उनकी टीम भारत के प्रदर्शन से प्रेरणा लेगी जिसने इस साल के शुरू में इस मैदान पर ऑस्ट्रेलिया का अजेय अभियान रोका था। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच पहला एशेज सीरीज का पहला टेस्ट मैच 8 दिसंबर (बुधवार) से खेला जाएगा।

### जेम्स एंडरसन पहले मैच में आस्ट्रेलिया के खिलाफ नहीं खेलेंगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंग्लैंड और आस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की एशेज टेस्ट सीरीज की शुरुआत बुधवार से होगी और पहला टेस्ट मैच दोनों देशों के बीच ब्रिसबेन में खेला जाएगा। आस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले इस पहले टेस्ट मैच के लिए इंग्लैंड की टीम ने एक बड़ा फैसला किया है और प्लेइंग इलेवन में दिग्गज व अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन को जगह नहीं दी। एंडरसन टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड की तरफ से सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं और उनके नाम पर कुल 632 विकेट दर्ज है तो वहीं वो वर्ल्ड क्रिकेट में टेस्ट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज हैं। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने जेम्स एंडरसन के बारे में कहा कि उन्हें किसी भी तरह की कोई चोट नहीं लगी है और वो मैदान पर उतरने के लिए पूरी तरह के फिट हैं। एंडरसन को वर्कलोड मैनेजमेंट की वजह से मैदान पर नहीं उतारने का फैसला किया गया है और इसकी वजह से ही वो गाबा टेस्ट मैच में नहीं खेलेंगे।

### केन विलियमसन दो महीने के लिए बाहर हो सकते है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। न्यूजीलैंड की क्रिकेट टीम से जुड़ी एक बुरी खबर सामने आ रही है। न्यूजीलैंड टीम के कप्तान केन विलियमसन को कम से कम दो महीने के लिए क्रिकेट की दुनिया से दूर होना पड़ेगा। कोहनी की चोट के कारण न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन के दो महीने के लिए क्रिकेट एक्शन से बाहर होने की संभावना है। विलियमसन भारत के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुए दूसरे टेस्ट से चोट के कारण बाहर हो गए थे, जिसमें कीवी टीम 372 रन से हार गई थी। न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने कहा है कि इसकी संभावना नहीं है कि विलियमसन सर्जरी के लिए जा सकते हैं। स्टफ न्यूज को गैरी स्टीड ने बताया, ष्केन विलियम के साथ सब सही चल रहा है। मुझे उम्मीद है कि विलियमसन उसी समय सीमा में ठीक हो जाएंगे।

### एशेज सीरीज में देखने योग्य होगा इन 5 खिलाड़ियों का प्रदर्शन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की एशेज टेस्ट सीरीज की शुरुआत बुधवार 8 दिसंबर से होने जा रही है। वहीं, अब इस नई सीरीज से पहले जान लीजिए कि वे ऐसे कौन से पांच खिलाड़ी हैं, जिनका प्रदर्शन देखने लायक होगा। आस्ट्रेलियाई टीम के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर वैसे तो इस प्रारूप में अपना प्रभाव छोड़ने के लिए सोच रहे हैं। स्टीव स्मिथ के लिए ये सीरीज खास होने वाली है। आस्ट्रेलिया की टीम के तेज गेंदबाज पैट कमिंस इस समय दुनिया के नंबर वन टेस्ट गेंदबाज हैं। जो रूट का प्रभाव कैसा होगा, ये देखने वाली बात होगी।